दिनांक : 17.09.2025 समय : 02.10pm

**पीएम मध्यप्रदेश**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज धार से देश व्यापी स्वस्थ नारी सशक्त परिवार और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने देश के सबसे बड़े पीएम मित्र पार्क का जिले के भैंसला गांव में शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने मातृ वंदना योजना के तहत 15 लाख से अधिक महिलाओं को सहायता राशि भी अंतरित की। प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री ने प्रदेश में आदि सेवा पर्व की भी शुरूआत की। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम मित्र पार्क किसानों, युवाओं के साथ हर वर्ग के लिए सुनहरा अवसर लाएगा।

प्रधानमंत्री ने महिलाओं से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत लगने वाले स्वास्थ्य शिविरों में जांच करवाने का आव्हान किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इन त्यौहारों पर जो भी खरीदे वह स्वदेशी होना चाहिए उन्होंने व्यापारियों से आव्हान किया आप जो भी बेचे वह अपने देश का होना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर कहा कि "पीएम विश्वकर्मा योजना का सबसे बड़ा लाभ समाज के उस तबके को हुआ है जिन्हें दशकों तक अनदेखा किया गया। उन्होंने कहा कि हमने विश्वकर्मा भाई–बहनों की प्रतिभा को उनकी प्रगति का माध्यम बनाने का रास्ता खोला है।

**वित्त मंत्री - जीएसटी सुधार**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि वस्तु और सेवा कर के नए सुधारों से कर की दरों में कमी के बाद जनता के लगभग **दो लाख करोड़ रुपये** की बचत होगी। वे आज विशाखापत्तनम में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर आयोजित आउटरीच कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। वित्त मंत्री ने बताया कि 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की नई दो-स्तरीय कर प्रणालियां लोगों की दैनिक आवश्यकताओं और जरूरी वस्तुओं पर बोझ कम करती है। उन्होंने कहा कि इससे

## गरीब और मध्यम वर्ग काफी हद तक लाभान्वित होते हैं।

### सेवा पर्व

प्रदेश में आज से सेवा पर्व शुरू हो गया है। इस दौरान प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज और जिलों में स्थित प्रमुख चिकित्सालयों में सेवा पर्व और सेवा पखवाड़े के तहत आज से साफ–सफाई का व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिये गये हैं। अभियान के तहत कचरे और अनुपयोगी सामग्री को भी प्राथमिकता से हटाया जायेगा। सेवा पर्व को सार्थक बनाने के लिए प्रदेश की सामाजिक संस्थाओं से भी सहयोग की अपील की है।

### कुछ समाचार संक्षेप में .....

- केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने आज छतरपुर स्थित छोटी बगराजन माता मंदिर से स्वच्छता सेवा पखवाड़े का शुभारंभ किया।
- पन्ना मे स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत आज रक्तदान शिविर आयोजित किया।
- विशेष सड़क सुरक्षा एवं यातायात अभियान के अंतर्गत रैंकिंग में "सी" श्रेणी में आगरमालवा जिले ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है।
- नर्मदापुरम जिले में सेवा पखवाड़े के तहत जिले के 13 विभाग विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करेंगे।
- शिवपुरी में भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता एवं विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।
- **प्रदेश में मौसम ने फिर करवट ली है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में खरगोन और बड़वानी जिले में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है।**

---------------